# उत्तराखंड विधान सभा

**प्रथम सत्र 2026**

## अतारांकित प्रश्न

## 11 मार्च, 2026

----

[**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय - खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, खेल,युवा कल्याण** ].

**कुल प्रश्न** - 12

----

**राज्य में संचालित लखपति दीदी योजना के निर्धारित लक्ष्य, प्रदेश एवं जनपद देहरादून के विकास खण्ड डोईवाला एवं रायपुर में बनी लखपति दीदियों की संख्या तथा संबंधित विवरण उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।**

**''प्रथम शुक्रवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-41 में स्थानांतरित''**

1 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय :**=क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ''लखपति दीदी योजना'' संचालित की जा रही है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा प्रदेश में उक्त योजना हेतु कोई निर्धारित लक्ष्य रखा गया है तथा उक्त एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एल.एम.) योजनान्तर्गत बनी लखपति दीदी की संख्या कितनी है? क्या मत्री जी बतायेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत विकास खण्ड डोईवाला एवं रायपुर में आतिथि तक कुल कितनी लखपति दीदी बन चुकी है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उपरोक्त सम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**राज्य में विगत 04 वर्षों में निर्मित मिनी स्टेडियम एवं खेल मैदानों का विवरण तथा जनपद देहरादून के डोईवाला विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत भोपालपानी, खैरी, धर्मचक एवं रानीपोखरी में प्रस्तावित खेल अवसंरचना निर्माण के संबंध में।**

2 **श्री बृजभूषण गैरोला** (**डोईवाला** )**:**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय :**—क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में विगत 04 वर्षों में कितने मिनी स्टेडियम व खेल मैदानों का निर्माण किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि जनपद देहरादून के डोईवाला विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत भोपालपानी में मिनी स्टेडियम व खैरी, धर्मचक, रानीपोखरी में खेल मैदान बनाये जाने की मांग कई वर्षों से की जा रही है? यदि हां, तो क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करंेगे कि डोईवाला विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत भोपालपानी में मिनी स्टेडियम व ग्राम खैरी, धर्मचक तथा रानीपोखरी में खेल मैदानों का निर्माण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद नैनीताल के मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में उपलब्ध खेल विधाओं तथा वर्ष 2022 से अद्यतन तक आयोजित जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के विवरण के संबंध में।**

3 **श्री सुमित हृदयेश** (**हल्द्वानी** )**:**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय :**—क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के मिनी स्टेडियम हल्द्वानी में कितनी खेल विधाओं का आयोजन किया जा सकता है और इसमें वर्ष, 2022 से लेकर आतिथि तक कितने जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय खेलों का आयोजन किया गया है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में सस्ते गल्ले विक्रेताओं की दुकानों पर उपलब्ध कराए जा रहे राशन के प्रकार एवं निर्धारित दरों का विवरण सदन के पटल पर रखे जाने के संबंध में।**

4 **श्री सुमित हृदयेश** (**हल्द्वानी** )**:**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय :**—क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सस्ते गल्ले विक्रेताओं की दुकानों में किस-किस प्रकार का राशन एवं किन-किन दरों पर सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में संचालित सस्ते गल्ले विक्रेताओं की दुकानों की वर्तमान संख्या तथा उनके संचालकों को मानदेय प्रोत्साहन राशि का विवरण सदन के पटल पर रखे जाने के संबंध में।**

5 **श्री सुमित हृदयेश (हल्द्वानी ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय :**=क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करंेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में कितनी सस्ते गल्ले विक्रेताओं की दुकानें सरकार द्वारा संचालित की जा रही हैं और इन दुकानों के संचालकों को सरकारी राशन बांटने हेतु कितना मानदेय अथवा प्रोत्साहन राशि दी जाती है? क्या मंत्री जी उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत थत्यूड़ जौनपुर खेल मैदान को मिनी स्टेडियम में परिवर्तित किए जाने के संबंध में।**

6 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय :**=क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड मुख्यालय थत्यूड़ (जौनपुर) में थत्यूड़ खेल मैदान को मिनी स्टेडियम बनाने की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा खेल प्रेमियों एवं विद्यालय प्रबन्धन समितियों के द्वारा की जा रही है? क्या यह भी सत्य है कि थत्यूड़ खेल मैदान समूचे ब्लाक मुख्यालय का एक मात्र खेल मैदान है, जहां वर्ष भर विभिन्न विद्यालयों की खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ अन्य सामाजिक गतिविधियों का आयोजन होता है? क्या सरकार जनहित में थत्यूड़ खेल मैदान को मिनी स्टेडियम बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही ंतो क्यों?

----

**एकीकृत बाल विकास सेवा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में वितरित किये जा रहे पौष्टिक आहार की गुणवत्ता एवं पूर्व व्यवस्था पुनः प्रारम्भ किये जाने के संबंध में।**

7 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय :**=क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में संचालित आंगनबाड़ी योजना के अन्तर्गत बच्चों को दिये जाने वाले पौष्टिक आहार की गुणवत्ता खराब है? क्या सरकार वर्तमान में चल रही उक्त योजना को बंद कर पूर्व की भांति पौष्टिक आहार की पुरानी व्यवस्था पुनः प्रारम्भ किये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में सस्ते गल्ले की दुकानों पर राशन ढुलाई व्यय की व्यवस्था एवं उपभोक्ताओं से अवैध वसूली पर रोक लगाए जाने के संबंध में।**

8 **श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय :**=क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर राशन ढुलाई का खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाता है? यदि हां, तो क्या यह सत्य हैं कि कुछ सस्ते गल्ले के दुकानदारों द्वारा राशन के ढुलाई का खर्च उपभोक्ताओं से लिया जा रहा है? क्या सरकार सस्ते गल्ले के दुकानदारों द्वारा उपभोक्ता से लिए गये राशन ढुलान के खर्च की वसूली पर प्रभावी रोक लगायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत गौचर में मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य प्रारम्भ किये जाने के संबंध में।**

9 **श्री अनिल नौटियाल (कर्णप्रयाग ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय :**=क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत गौचर में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य कब से प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल में मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-59/2026 एवं 68/2026 के अंतर्गत प्रस्तावित मिनी स्टेडियमों के निर्माण कार्य प्रारम्भ किये जाने के संबंध में।**

10 **श्री राम सिंह कैड़ा (भीमताल ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय :**=क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-59/2026 के अनुरूप भीड़ापानी, नाई, देवनगर (डालकन्या) एवं सिलोटी तथा घोषणा संख्या-68/ 2026 के अनुरूप सुन्दरखाल सहित हिमगिरी स्टेडियम लेटिबुंगा खनस्यू एवं भीमताल में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा? यदि हां, तो सरकार द्वारा उपरोक्त मिनी स्टेडियमों का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद पिथौरागढ़ में निःशुल्क वितरित खाद्य सामग्री की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों एवं दोषियों के विरुद्ध प्रस्तावित कार्यवाही के संबंध में।**

11 **श्री मयूख सिंह महर (पिथौरागढ़ ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय :**=क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं

उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में विगत महीनों से निःशुल्क बाँटे जाने वाली खाद्य सामग्री में कीड़े मिलने की शिकायतें आ रही हैं? क्या सरकार जनपद पिथौरागढ़ में वितरित की जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता उच्चतम बनाये रखने हेतु कोई ठोस कार्ययोजना तैयार करेगी एवं खराब खाद्य सामग्री वितरित करने वाले जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**जनपद रुद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत अगस्त्यमुनि में निर्माणाधीन स्पोर्ट्स स्टेडियम हेतु स्वीकृत एवं व्ययित धनराशि के विवरण के संबंध में।**

12 **श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ):**

**महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय** :=क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि जनपद रुद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ के अन्तर्गत अगस्त्यमुनि में स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माणाधीन है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त स्टेडियम के निर्माण हेतु आतिथि तक कितनी धनराशि स्वीकृति एवं व्यय हुई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----